**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या** – 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख/मानचित्र)–20/2025 4122

प्रेषक,

**जे0 प्रियदर्शिनी,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बिहार।

**पटना, दिनांक** :–21/07/2025

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व ग्रामों का अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–20) एवं मानचित्र को संरक्षित करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्रांक 1902 दिनांक 25.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि दिनांक 12.02.2025 को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा आयोजित समीक्षात्मक बैठक में यह निदेश दिया गया कि जिन राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रपत्र–20 में प्रकाशित कर दिए गए हैं, उन्हें बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में संरक्षित किया जाएगा। इस हेतु पूर्व में उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय को आवश्यक दिशा–निदेश दिया गया है।

अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख (प्रपत्र–20) एवं मानचित्र के संरक्षण एवं रख–रखाव आदि से संबंधित आवश्यक दिशा–निदेश निदेशालय प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व में बंदोबस्त कार्यालयों को दिया गया है। (सुलभ प्रसंग हेतु पत्र की छायाप्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि जिन राजस्व ग्रामों के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रपत्र–20 में प्रकाशित कर दिए गए हैं, उन्हें निदेशालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा दिए गए दिशा–निदेश के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए इनके संरक्षण एवं रख–रखाव हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन
18/7
**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख/मानचित्र)–20/2025 4122 **पटना, दिनांक** :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 **पटना, दिनांक** 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 को सूचनार्थ एवं निदेशालय पत्रांक 1109 दिनांक 07.03.2025 के संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 **पटना, दिनांक** :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 **पटना, दिनांक** :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे0(अभिलेख / मानचित्र)–20 / 2025 4122 **पटना, दिनांक** :– 21/07/2025

**प्रतिलिपि** :– प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

e-Mail

(17

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025.....1902**

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
शिवहर/सीतामढ़ी/अरवल/जहानाबाद/लखीसराय/
नालंदा/शेखपुरा/बेगूसराय/खगड़िया/जमुई/सुपौल/
सहरसा/मधेपुरा/बांका/प0 चम्पारण/कटिहार/
किशनगंज/मुंगेर/पूर्णियां/अररिया।

पटना, दिनांक :– 25.04.2025

विषयः– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व ग्रामों का अंतिम रूप से प्रकाशित (प्रपत्र–20) अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र को संरक्षित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली के नियम–14 उपनियम 6 के अर्न्तगत निम्नलिखित प्रावधान किये गये है–
"समुचित जाचँ–पड़ताल एवं तुलना के बाद नए तेरीज एवं खेसरा पंजी के आधार पर अंतिम प्रकाशन हेतु **प्रपत्र–20** में चार प्रतियों में अधिकार–अभिलेख तैयार किया जाएगा तथा इस प्रक्रिया को '**सफाई**' कहा जाएगा। अधिकार–अभिलेख की एक प्रति जो '**रैयती फर्द**' कहलाएगी, सम्बन्धित रैयतों को उपलब्ध करायी जाएगी। द्वितीय प्रति अभिधारी खाता पंजी तैयार करने हेतु संबंधित अंचल अधिकारी को भेज दी जाएगी। तृतीय प्रति जो '**मालिकी फर्द**' कहलाएगी, संबंधित जिला के समाहर्त्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। चतुर्थ प्रति परिरक्षण एवं भावी निर्देश हेतु निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार की अभिरक्षा में रहेगी।"

उक्त के आलोक में कतिपय जिलों द्वारा अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार की अभिरक्षा हेतु उपलब्ध कराया गया है। निदेशालय को प्राप्त अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र के अवलोकनोपरान्त निम्नांकित निदेश दिया जाता है :–

(1) अंतिम अधिकार अभिलेख (रैयती फर्द को छोड़कर), जो 03 प्रतियों (बुक) में तैयार किया जाना है, उसे सुव्यवस्थित तरीके से जिल्दबन्द (बाईन्डिंग) करायी जाए।

(2) अंतिम अधिकार अभिलेख को बाईन्डिंग कराकर उसके ऊपर (मुख्य भाग पर) जिला का नाम, अंचल का नाम, राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना संख्या प्रिंट कर चस्पा किया जाए।

(3) नियमावली के नियम–14 उपनियम–6 के अर्न्तगत जिल्दबन्द (बाईन्डिंग) अधिकार अभिलेख की एक–एक प्रति (बुक) संबंधित समाहर्त्ता, संबंधित अंचल एवं निदेशालय को हस्तगत कराई जाए।

(4) अन्तिम प्रकाशन उपरांत हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा 3 प्रतियों में उपलब्ध कराये जाने वाले विशेष सर्वेक्षण मानचित्रों का पेपर (कागज) 150 GSM के कागज में मुद्रित किया जाना आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि उक्त निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन
25/4/25
(कमलेश कुमार सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\S...\2025\Mayur\Director\file no. 20_2025_24.04.2025.doc

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.04.2025

**प्रतिलिपि** :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, सारण/ सिवान/ गोपालगंज/ बक्सर/भोजपुर/ कैमूर/औरंगाबाद/रोहतास/नवादा/पटना/दरभंगा/समस्तीपुर/मधुबनी/पूर्वी चम्पारण/वैशाली/ मुजफ्फरपुर/गया/भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.04.2025

**प्रतिलिपि** :– सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.04.2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.4.2025

**प्रतिलिपि** :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd., GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.4.2025

**प्रतिलिपि**:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025..1902.. पटना, दिनांक 25.4.2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

25/4/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप